तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024

11 संगठित समाज मजबूत राष्ट्र की महत्वपूर्ण कड़ी...



12 जशपुर और जगदलपुर को उप-राजधानी के रूप...





**खबर संक्षेप**

### जंगल में गिरे सागौन वृक्षों की नहीं हो रही है सुरक्षा



**मैनपुर।** वन परिक्षेत्र मैनपुर एवं तौरेंगा वनपरिक्षेत्र के भीतर झरियाबाहरा के आसपास दर्जनों सागौन का वृक्ष आंधी तुफान में जड़ के साथ उखड़ गया है। इस वृक्षों की सुरक्षा नहीं हो रही है। जिसके कारण कई लोग वृक्षों को काटकर ले जा रहे हैं। जिससे वन विभाग को लाखों रूपये राजस्व की हानि होने की संभावना है। तत्काल इन वृक्षों को सुरक्षित किया जाना चाहिए।

## विडंबना : पुल व रपटा नहीं बनने से ग्रामीण लंबी दूरी तय करने मजबूर

# मड़ेली जरगांव में घुनघुट्टी नाले पर 10 माह में बनने वाला पुल 23 माह बाद भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मड़ेली जरगांव घुनघुट्टी नाले पर लगभग 288 लाख रुपए की लागत से लोक निर्माण विभाग सेतु विभाग के तहत बन रहे। पुल में विगत दो-तीन माह से काम बंद है और निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, ज्ञात हो की ठेकेदार द्वारा उक्त निर्माण कार्य को 10 माह के अंदर पूर्ण करना था लेकिन लगभग 23 से 24 माह होने के बावजूद भी अभी भी पुल का कार्य बंद है और अधूरा है जिससे लोग काफी परेशान है।

साथ ही साथ नदी में अस्थाई रपटा का भी निर्माण नहीं होने से छोटे बच्चे, गाड़ियां भी पार नहीं होने से लोगों को लंबी दूरी तय करना पड़ रहा है और विभाग और ठेकेदारों के मनमानी का खामियाजा स्थानीय ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ज्ञात उक्त नाला पुल का कार्य आदेश 25 जनवरी 2022 को हुआ था एवं पूर्णता 24 दिसंबर 2022,10 माह के अंदर किया जाना था। लेकिन आज लगभग 23 महीना होने के बाद भी पुल का काम बंद है और अधूरा पड़ा है। साथ ही साथ यहां से छोटे बच्चे पढ़ने स्कूल जाते हैं जिसे बरसात और अभी किन परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है देखा जा सकता है।



### अस्थाई रपटा नहीं होने से श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जतमई, घटारानी भी इसी मार्ग से जाया जा सकता है। लेकिन इस मार्ग पर अस्थाई रपटा नहीं होने की वजह से उन्हें 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करते हुए मुख्य मार्ग से जाना पड़ रहा है जिससे स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ बाहर से आए हुए श्रद्धालु भी काफी परेशान हो रहे हैं। यह पुल पहले स्वीकृति, फिर अब निर्माण को लेकर लगातार चर्चा में रहा है।



### निर्माण कार्य को प्रारंभ कराने में जनप्रतिनिधि नहीं ले रहे रुचि

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगातार पुल का श्रेय लेने के लिए आगे आते रहे लेकिन अब बंद पुल के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने के लिए अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा पहल नहीं होने की वजह से कार्य लगभग बंद पड़ा है और साथ अधूरा है इससे अंदाज लगाना मुश्किल है कि यह पुल आखिर कब तक पूर्ण हो पाएगा। अरुण कर्ष उप अभियंता लोक निर्माण सेतु विभाग से पुल के संबंध में जानकारी लेना चाहा गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# ब्लॉक का दर्जा हासिल करने की बाट जोह रहा नवापारा

- प्रदेश की पुरानी नगर पालिका फिर ब्लॉक मुख्यालय नहीं बनाया गया

**नवापारा-राजिम।** अंचल में आबादी एवं अन्य सभी दृष्टिकोण से समृद्ध नवापारा शहर को अब तक ब्लॉक मुख्यालय के हक से वंचित रखा गया है जबकि आसपास के क्षेत्रों में व्यवसाय, क्षेत्रफल, आबादी के दृष्टिकोण से नवापारा सबसे बड़ा नगर है। पिछले कई दशको से नवापारा को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त है। छत्तीसगढ़ में इसे सबसे पुराना नगर पालिका के रूप में जाना जाता है। लेकिन अब तक ब्लॉक मुख्यालय का दर्जा नहीं मिलना यहां की जनता के साथ न केवल भेदभाव है बल्कि छलावा भी है। आसपास के छोटे-छोटे कस्बे जो आबादी एवं क्षेत्रफल की दृष्टिकोण से नवापारा से एक चौथाई भी नहीं है वहां कई दशको से ब्लॉक कार्यालय आलीशान चल रहा है। ऐसा नहीं है कि यहां की जनता ने इसकी मांग नहीं की हो बल्कि समय-समय पर मांग के बाद केवल इसी इंतजार में रहे कि जल्द से जल्द नवापारा ब्लॉक बनेगा जिससे ब्लॉक स्तर पर मिलने वाली सारी सुविधाएं यहां मिलेगी। आज भी नवापारा को अभनपुर पर निर्भर रहना पड़ता है। समस्त ब्लॉक लेबल के शासकीय कार्य के लिए बार-बार अभनपुर के चक्कर लगाने पड़ते है। अगर नवापारा को विकासखंड का दर्जा मिलता है तो नवापारा एवं आसपास के क्षेत्र पोंड़, चंपारण, हसदा, पिपरौद, दुलना, तर्री, डोंगीतराई से लेकर ढेर सारे गांव नवापारा विकासखंड का हिस्सा होगा। परिणाम स्वरूप शिक्षा, स्वास्थय एवं अन्य विभागों में ब्लॉक स्तर के अधिकारी उपलब्ध होने से सुविधाओं में न केवल इजाफा होगा बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट भी आयेगी। लोगों को छोटे-छोटे काम के लिए अभनपुर के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। आवश्यकता है जनप्रतिनिधि अपनी राजनैतिक इच्छा शक्ति से नवापारा को ब्लॉक का दर्जा दिलाए जिससे नवापारा नगर विकास के पथ पर बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ सके।

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# बच्चों की दक्षता परखने शालाओं में हुआ मॉक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- राष्ट्रीय परख परीक्षा दिसंबर में होगी

राज्य शासन एवं जिला शिक्षाधिकारी गरियाबंद एके सारस्वत के निर्देश पर गरियाबंद जिले के सभी संकुलों के कक्षा तीसरी, छठवीं और नवमी के बच्चों की पढ़ाई का स्तर परखने के लिए राज्य स्तर पर सोमवार को मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र अतरमरा के सभी शालाओं के कक्षा तीसरी, छठवीं,नवमी के विद्यार्थियों का परख मॉक टेस्ट लिया गया। संकुल प्राचार्य बी देवांगन, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर 4 दिसंबर को परख परीक्षा होने जा रही है। एनसीईआरटी द्वारा आयोजित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण एनएएस में सरकारी और निजी स्कूलों के बच्चे शामिल होंगे। राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे एन ए एस के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जिला मिशन समन्वयक तथा डाइट प्राचार्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत देशभर में एक साथ होने जा रहे इस सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त वैश्विक मूल्यांकन विकसित करना है। इस सर्वेक्षण के जरिए न केवल छात्रों बाल्की शिक्षक, स्कूल तथा संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन होगा। जिसके आधार पर अखिल भारतीय स्तर पर राज्यों की रैंकिंग बनती है। इस परख सर्वेक्षण में कक्षा तीन के लिए भाषा, गणित एवं हमारे आसपास की दुनिया से 90 मिनट में 45 प्रश्न पूछे जाएंगे। कक्षा छठवीं के लिए उक्त विषय से संबंधित 51 प्रश्न 90 मिनट में पूछे जाएंगे। कक्षा नौवीं में भाषा, गणित, विज्ञान, सामाजिक ▶▶|शेष पेज 11 पर



# लंबर में 700 बारदाना अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के पश्चात से जिले में अवैध रूप से धान का परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम लंबर में एसडीएम मनोज खांडे के नेतृत्व में मंडी सचिव बसना और राजस्व की संयुक्त टीम ने अवैद्य धान भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की। अधिकारियों को अवैध धान संग्रहण की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई।




## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** 1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) 2. चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। 4. 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। 5. किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**


**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक** NSDC/SDMS **केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________
पिता/पति________________ जन्म तिथि________________
वर्ग अनुज जाति________________अनु जाति________________ अन्य पि. वर्ग________________
सामान्य________________पत्र व्यवहार का पता________________
________________ पिन कोड________________
मो. नं.________________बाट्सअप नं________________
पालक का मो. न________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक________________ कुल प्रतिशत________________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.________________
हस्ताक्षकर________________ पालक का हस्ताक्षर________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**

# मादा भालू ने दो शावक को दिया जन्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर क्षेत्र में लगातार गांव के भीतर वन्य प्राणी भालू, चितल, तेन्दुआ पहुंच रहा है जिससे नागरिकों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है। एक मादा भालू गांव में पहुंचकर सूने मकान में दो बच्चों को जन्म दिया है। जिसकी खबर लगते ही वह विभाग का अमला मादा भालू और शावक की सुरक्षा में टीम तैनात किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 07 किलोमीटर दूर एक ग्राम में लगातार मादा भालू पहुंचने की जानकारी ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिया जा रहा था वह विभाग द्वारा इस मादा भालू पर निगरानी रखने पर पता चला कि मादा भालू ने गांव के एक पुराने मकान में दो शावक को जन्म दिया है जिसकी जानकारी लगते ही वन विभाग द्वारा भालू के बच्चों की सुरक्षा के लिए अमला तैनात किया गया है ज्ञात होगी 02 वर्ष पूर्व भी इसी मकान में मादा भालू ने बच्चे को जन्म दिया था और 15 दिन बाद बच्चों के बड़े होने पर उसे अपने पीठ पर लाद कर जंगल के तरफ लौट गया था।

**खबर संक्षेप**

### खेत से नांगर चोरी

**महासमुंद।** खेत से ट्रैक्टर नांगर चोरी के मामले में बलौदा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी संन्यासी थनापति पिता चतुर्भुज थनापति (33 वर्ष) डूमरपाली ने बताया कि ग्राम टेमरी के देवेंद्र नायक का ट्रैक्टर ड्रायवरी का काम करता हूं। विगत दो माह पहले देवेंद्र नायक के द्विमहानी खेत ग्राम पलसापाली में जोताई करने के बाद ट्रैक्टर में लगे पुरानी इस्तेमाली लोहे का नांगर कीमत लगभग 9000 रुपए को उतार कर खेत में ही रख दिया था। जिसे 16 नवंबर की सुबह देखने खेत गया तो देखा वहां नांगर नहीं था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक पर खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि खल्लारी माता मंदिर के पास नीचे रोड ग्राम खल्लारी में एक व्यक्ति लोहे की धारदार कत्तलनुमा हथियार लहरा रहा है, जिससे आने जाने वाले लोग भयभीत हो रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी संजय ध्रुव पिता साधुराम ध्रुव (19 वर्ष) निवासी संतोषी नगर भीमखोज कब्जे से हथियार जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सड़क हादसे में पिकअप सवार युवक की मौत

**महासमुंद।** जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े टेमरी-झगरेनडीह रोड पर एक भीषण सड़क हादसे में पिकअप सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना 15 नवंबर की रात करीब 11:30 बजे की है, जब विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने पिकअप वाहन को साइड से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में पिकअप में सवार छाता महुआ निवासी जनक सिदार (32) की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे में शामिल ट्रैक्टर ग्राम बिजेपुर का बताया जा रहा है। वहीं ट्रैक्टर चालक का नाम देवराज प्रधान बताया जा रहा है। जबकि उक्त ट्रैक्टर मनोज बरिहा का होना बताया जा रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि ट्रैक्टर न केवल बिना नंबर प्लेट के चल रहा था, बल्कि उसका बीमा भी नहीं था। यह लापरवाही जानलेवा साबित हुई और एक निर्दोष युवक की जान चली गई। सांकरा पुलिस ने घटना के बाद कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 125 (ए) और 106 (1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, ट्रैक्टर के मालिक को अब तक अज्ञात बताया गया है। पुलिस अब प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय जानकारी के आधार पर आरोपी का पता लगाने में जुटी है। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में गहरा शोक है। जनक सिदार अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। इस घटना ने न केवल उनके परिवार को, बल्कि पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

**विडंबना : अधिकारी ने कहा - शिकायत मिलने पर तत्काल की जाएगी कार्रवाई**

# पराली जलाने पर नहीं लग रही लगाम, कार्रवाई नहीं होने से बेफिक्र होकर पराली जला रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



धान कटाई के साथ लगभग धान मिजाई का कार्य चल रहा है और खेतों में रखे पराली को जलाने की लगातार शिकायत मिल रही है। अधिकारियों का कहना है कि अगर कहीं शिकायत मिले तो तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। खेतों में रखे पराली गाय भैंस का मुख्य आहार है और इसके नहीं होने से सड़कों पर गांव शहरों की ओर गाय पहुंचते हैं अगर खेतों पर रखें पराली यथावत रखा रहे तो पशुओं के चारा के उपयोग होतो सड़क पर नजर नहीं आएंगे। इस संबंध में सरकार द्वारा लगातार निर्देश देकर पराली जलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की निर्देश भी जारी किया गया है। लेकिन कार्यवाही नहीं होने की वजह से किसान बेफिक्र होकर पराली जला रहे हैं। पराली जलाने से जहां वातावरण में धुआं फैला है। वह किसान के मित्र छोटे कीट पतंग भी इसमें जलकर मर जाते हैं साथ ही साथ उर्वरक शक्ति नष्ट होता है इन सब बिंदुओं को ध्यान रखकर सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगा रखी है। लेकिन आसपास के गांव में किसानों द्वारा रवि फसल की तैयारी के लिए पराली जलाने की लगातार खबरें आ रही है।

**कार्रवाई की जाएगी**

पराली नहीं जलाने के निर्देश है। इस संबंध में अगर कहीं पराली जलाने की खबरों की आएगी तो तत्काल उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**-रमेश मेहता,** तहसीलदार

## धान की कटाई में जुटे किसान, फसल पहुंचने लगी खलिहानों

**फिंगेश्वर।** धान की फसल को कटाई के ट्रैक्टर एवं बैलगाड़ियों के माध्यम मिंजाई के लिए खलिहानों मे लाया जा रहा हैं। वहीं पर कोठार एवं ब्यारे में लाकर धान की मिंजाई किसान कर रहे हैं।

राज्य सरकार के द्वारा सोसायटियों मे 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ की गई है। जिसको लेकर किसान अपने धान की फसल को लेकर सोसायटियों में पहुंच रहे है। वहीं देखा यह भी जा रहा है कि कई किसानों की धान की कटाई अभी कर रहे हैं। किसान श्रमिको एवं धान कटाई वाहनों से धान की कटाई भी करा रहे हैं और अपनी फसल को सोसायटी तक लाने की तैयारी मे जुटे हैं। वहीं खेत के मेड़ में सूखते हुए धान के फसलों को बैल गाड़ियों



में लादकर खलिहान तक ला रहे है और ट्रैक्टर एवं बेलन चलाकर धान की बोरियों में भर रहे हैं। जिन किसानों की धान कटाई हो गई है वे सोसायटियों से टोकर लेकर अपने अपने धान को सोसाटियो में ला रहे हैं।

## अत्याधिक मोबाइल के उपयोग से बच्चों में नेत्र एवं सिर दर्द की समस्या बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



मोबाइल और टीवी के अत्यधिक उपयोग और उसके लत के कारण बच्चों में इन दिनों ज्यादा नेत्र संबंधी समस्या देखने को मिल रही है। छोटे छोटे बच्चे पावर चश्मा लगा रहे हैं। मोबाइल को ज्यादा देर तक देखने के चलते उनके आंखो में कई प्रकार की समस्या आ रही है, अस्पताल और नेत्र विभाग से मिली जानकारी के अनुसार माह में 156 से 200 के आसपास 5 वर्ष से 21 वर्ष तक के युवा नेत्र संबधी समस्या को लेकर अस्पताल पहुंच रहे है जिससे डॉक्टर भी हैरान है, अधिकांश नेत्र संबधी समस्या के लिए मोबाईल की लगातार लत और टीवी को नुकसान दायक बताया जा रहा है, देखने को मिल रहा है कि घर में छोटे छोटे बच्चों के रोने पर या जिद करने पर मोबाईल पकडा दिया जाता है और बच्चे देर रात तक मोबाईल खेलते रहते है लगातार मोबाईल के प्रयोग के कारण इसका विपरीत असर देखने को मिल रहा है इससे बच्चों के आंखो में जलन, आंसू आना, चिपचिपा पन आंखे लाल होना आदि शामिल है। इसके वहज से सिर दर्द की समस्या बढ़ रही है और चश्मा का नंबर भी बढ रहा है। वहीं दूसरी ओर अब अधिकांश बच्चे गांव के गलियो और मैदानो में खेल खेलते कम दिखाई देते है ऑनलाईन इंटरनेट में गेम का इस्तेमाल कर मोबाईल से चिपके रहते है जिसके कारण युवा बच्चे मैदानी खेलकूद व अन्य गतिविधि से दूर होते जा रहे हैं।

### रात तक मोबाइल में गेम खेलते हैं युवा

नगर सहित ग्रामीण अंचलो के गांव में बच्चों और युवाओं को घर के बाहर या चौक चौराहो दुकान के सिढियों में बैठकर देर रात तक मोबाईल में खेल खेलते या चैटिंग करते देखे जा सकते है। कुछ बच्चे एक दूसरे साथी को जोडकर गेम खेलते हैं गांव में तो अब तालाब के मेडों में भी देर रात तक युवाओं को मोबाईल में चिपके नजर देखा जा सकता है।

## बदलते मौसम और ठंड से बढ़ी निमोनिया के संक्रमण की गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बदलता मौसम व ठंड निमोनिया के संक्रमण की गंभीरता को बढ़ा सकता है। इन दिनों मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल सहित जिले के सभी प्राथमिक तथा सामुदायिक चिकित्सालयों में मरीजों की संख्या में एकाएक इजाफा हुआ है। शहर में लगभग हर घरों में कोई ना कोई वायरल इंफेक्शन से जूझ रहा है। सहित आसपास के क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से अचानक मौसम में बदलाव से जहां दिन में सूर्य की गर्मी से लोग परेशान हैं तो सुबह कोहरा तथा रात में ठंड लोगों को परेशान कर रही।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की मानें तो शिशुओं की विशेष देखभाल जरूरी है। आमतौर पर निमोनिया का संक्रमण दो से पांच साल के बच्चों को जल्दी अपनी चपेट में लेता है, लेकिन कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता, बुजुर्ग व वयस्क भी इससे ग्रसित हो सकते हैं। जिसे लेकर बढ़ते ठंड में बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है। सबसे अधिक छोटे बच्चों के निमोनिया से पीड़ित होने की संभावना अधिक होती है। ऐसे में अलर्ट रहना जरूरी है।

यह सांस से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, यदि समय रहते उपचार नहीं किया जाए तो स्थिति गंभीर हो सकती है। न्यूमोनिया एक संक्रामक बीमारी है। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दियों में बच्चों की साफ-सफाई का सबसे ज्यादा ख्याल रखें।

## मातर महोत्सव में आकर्षक झांकी और नृत्य







मैनपुर। तहसील मुख्यायल मैनपुर नगर में सोमवार को यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्र निकाली गई। मातर महोत्सव में आकर्षक झांकी और नृत्य को देखने भारी भीड़ लगी रही।

## अंचल में ठंड ने दी दस्तक, गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा

**गरियाबंद।** अंचल में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। दिन में हल्की ठंड के साथ शाम ढलते ही कड़ाके की ठंड अपना असर दिखाने लगी है। हवा में बढ़ती नमी और रात की ठंडी हवाओं ने मौसम को और ठिठुरन भरा बना दिया है।

ठंड बढ़ने के साथ ही लोगों ने संदूक में रखे गर्म कपड़े निकाल लिए हैं। रजाई और कंबल अब रातों की जरूरत बन गए हैं। वहीं, ठंड से बचने के लिए लोग घरों के बाहर अलाव जलाते हुए देखे जा सकते हैं। खासकर सुबह और शाम के समय लोग अलाव के पास बैठकर ठंड से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। सेहत को लेकर जागरूक लोग ठंड के बावजूद अपनी दिनचर्या में बदलाव नहीं कर रहे। सुबह के वक्त सड़कों और मैदानों पर कई लोग



जॉगिंग और वॉक करते हुए नजर आ रहे हैं। नियमित व्यायाम और ठंड से बचाव के उपायों के चलते लोग अपनी सेहत को तंदुरुस्त बनाए रखने की कोशिश में हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है। विशेषज्ञों ने खासकर बुजुर्गों और बच्चों को ठंड से बचाने की सलाह दी है। चाय, सूप और गर्म पेय पदार्थों की खपत भी इन दिनों बढ़ गई है, जिससे स्थानीय चाय दुकानों पर भीड़ नजर आने लगी है।

ठंड का यह मौसम, जहां लोगों के लिए चुनौती लेकर आया है, वहीं ठंडी सुबहों और अलाव के पास गपशप का अपना एक अलग ही आनंद है।

## परीक्षित का प्रश्न लोकहित से प्रेरित है : पं. सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

■ शीतलापारा में भागवत कथा जारी

शहर के शीतलापारा में सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं ब्राम्हण समाज के वरिष्ठ रामविनोद शर्मा-भुवनेश्वरी देवी शर्मा द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा प्रसंग के दौरान दूसरे दिवस सोमवार को भगवताचार्य पंडित सागर चौबे ने परीक्षित जन्म, व्यास नारद संवाद, सती देह त्याग व ध्रुव चरित्र की कथा बहुत ही रोचक अंदाज में बताया। कहा कि परीक्षित जी अपने लिए कभी प्रश्न नहीं किए। वे जब भी प्रश्न किए तो केवल लोकहित के लिए। पंडित चौबे ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कराना कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। एक बेटी के विवाह में जितना लगता है उससे कम नहीं लगता कथा कराने में। भागवत कथा तो 7 तुलसी के पत्ता में भी राम-राम लिखकर कराई जा सकती है। वहीं दूसरी ओर संसार के सारे धन भी यदि है तो भी मुश्किल रहता है। पंडित जी ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा वाचन कोई धन कमाने का साधन नहीं है। ये मुक्ति का साधन है। वक्ता भी दो तरह के होते है एक धनार्थि और दूसरा कृष्णार्थी इससे आप समझ सकते है,आगे कुछ बोलने की जरूरत नही है। धन चाहने वाला





बोलता है मै भागवत पढुंगा। जब तक आत्मा की स्वीकारोक्ति नही होगी तो कै से संभव होगा? पंडित जी ने बहुत ही रोचक अंदाज में श्रीमद भागवत कथा प्रसंग के दौरान हंसमुख अंदाज में श्रोताओं को बताया कि इंद्रिय को जीतना बेहद कठिन काम है। मन ईच्छा पैदा करती है,अब इस पर नियंत्रण रखना स्वयं के ऊपर निर्भर रहता है। आप सब समझ सकते है कि संगति का असर बहुत जल्द होता है जिसकी जैसी मित्रता होगी वह भी देर-सबेर उसी रंग में रंगता ही है। साधु-संतों की संगत से मनुष्य का मन उसी तरफ जाता है और दुर्व्यसनी की संगति पर दिशा उसी तरफ घुमता है। अपने आपको कै सा ढालना है, ये स्वयं के ऊपर निर्भर करता है। कथा प्रसंग के तीसरा दिवस आज मंगलवार को पंडित चौबे द्वारा अजामिल की कथा एवं प्रहलाद चरित्र बतलाया जाएगा। कथा श्रवण करने के लिए पूरे मुहल्ले एवं शहर के लोगो की श्रद्धा-भक्ति देखते ही बन रही है। कथा श्रवण करने के लिए सोमवार को आयोजक रामविनोद शर्मा-भुवनेश्वरी देवी शर्मा सहित कौमुदी-सौरभ शर्मा, डॉ. सरल शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रोता श्रद्धालु मौजूद थे।

**योग निरोग रहने की कला, आंतरिक सफाई के लिए षट्कर्म का अभ्यास**

# स्वस्थ व्यक्ति ही समाज को दशा और दिशा प्रदान करने में सक्षम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

■ जुम्बा, एरोबिक्स ने शिविरार्थियों को खूब लुभाया

योग करेंगे रोज करेंगे, करें योग रहे निरोग के निनादों के साथ पांच दिवसीय निःशुल्क योग एवं चिंतन शिविर का समापन हुआ। पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में आदर्श विद्यालय छुरा प्रांगण पर भारी संख्या में शिविरार्थियों ने जीवन जीने की कला सीखी। समापन सत्र में रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष नगर पंचायत, यशवंत यादव संरक्षक पतंजलि योग समिति, केआर सिन्हा सेवानिवृत्त व्याख्याता, मुरारी राम देवांगन वरिष्ठ शिक्षक, नगर के गणमान्य नागरिक कैलाश सचदेव, मनाराम वर्मा बतौर अतिथि उपस्थित रहे। नगर पंचायत के ऊर्जावान उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही समाज को दशा और दिशा प्रदान करता है। योग, स्वस्थ-सशक्त-समृद्ध समाज की आधारशिला है। यशवंत यादव ने कहा कि योग द्वारा व्यक्ति की सृजनात्मक शक्तियों, भाव, विचारों एवं क्षमताओं को विकसित किया जा सकता है। शिक्षाविद के.आर. सिन्हा ने कहा कि योग आत्मदर्शन, अनुशासन, परंपरा संस्कृति, वैज्ञानिकता का मेल है। योग एक संपूर्ण जीवन विज्ञान है। हमें प्रत्येक कार्य को आनंद के साथ





करना चाहिए। मुरारी राम देवांगन ने योग को कुण्डलिनी जागरण का आधार बताया। उन्होंने कहा कि दवाई लेने से बेहतर है योग करें। एनसीईआरटी के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर शंकर लाल यदु, भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवनारायण यदु द्वारा अष्टांग योग का अभ्यास कराया गया। तहसील प्रभारी हरीश नेताम, पोखन ठाकुर, गोविंदा नेताम द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों पर जुम्मा, एरोबिक्स यौगिक जॉगिंग कराया गया। जिला योग प्रचारक गणेश आजाद द्वारा दंड, बैठक, सूर्य नमस्कार, खड़े होकर, बैठकर, लेटकर किए जाने वाले आसनों को सूक्ष्मता से अभ्यास कराया गया। उनका लाभ, सावधानी आदि का विस्तृत जानकारी दिए। स्थूल व्यायाम, सूक्ष्म व्यायाम, बंध, मुद्रा की जानकारी दिए। बकासन, सर्वांगासन, मयूरासन, पद्म मयूरासन, गर्भासन, एक पाद राज कपोत आसन, भू नमनासन जैसे कठिन आसनों को प्रदर्शन कर सिखाया गया।

### हरिश व पोखन को मिला जुम्बा स्टार का अवार्ड

पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने प्राणायाम को श्वास प्रश्वास की पूर्ण गति के साथ क्रमबद्ध तरीके से अभ्यास कराया। मोटापा, फेफड़ों की समस्या, लीवर क्लीनिंग, किडनी, हृदय स्पंदन को संतुलित स्वस्थ रखने के लिए यम, नियम, आसन, प्राणायाम बताया गया। संतराम कंवर द्वारा कुंजल क्रिया एवं अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा जल नेति, रबर नेति का प्रदर्शन किया गया। शिवरात्रियों को भी अभ्यास कराया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में विशेष सेवादान एवं जिले में योग के प्रचार प्रसार के लिए गणेश आजाद को योगरत्न सम्मान, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंट से सम्मानित किया गया। हरीश नेताम, पोखन ठाकुर, गोविंदा नेताम को जुम्बा स्टार का अवार्ड दिया गया। सभी योग प्रशिक्षकों को सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। शिविर में विशेष सहयोग के लिए आश्रम परिवार से डिगेश्वरी गोस्वामी, लीला ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट की गई। शिविर में अंकित, राधिका, चांदनी, वेणु, भूमिका, भावना, सोनिया, हेमा, रिद्धि, सिद्धि, कमलेश, परमेश्वर, कैलाश, गुंजन, योगिता, प्रवीण, पंकज, मोहित, मोहन, चिराग सहित भारी संख्या में शिविरार्थियों ने योगाभ्यास किया।

## समृद्धि व रोग मुक्ति के लिए हवन-पूजन



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में हनुमान मंदिर के पास गांव की सुख- समृद्धि एवं मवेशियों के रोग दोष मुक्त करने हवन -पूजन पंडित राकेश शुक्ला के मंत्रोच्चार के बीच हुआ। पूजा कार्यक्रम में सरपंच प्रीतराम देवांगन, सेवक बांधे, कोमल सिन्हा, चुनू साहू, रोहित पटेल, संतराम साहू, तिलक साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**कार्यालय जनपद पंचायत - छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
Fax No 07701-266201 Email:janpadchhura@gmail.com

क्रमांक / 1963 / ज.पं. / जलाशय लीज / 2024-25 **ईश्तहार** छुरा, दिनांक 14/11/2024

जनपद पंचायत छुरा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के अधीनस्थ निम्नलिखित जलाशय / तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जिनका विवरण इस प्रकार हैः-

| क्रमांक | ग्राम का नाम | जलाशय / तालाब का नाम | रकबा |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1 | पोंड | सरगी पिक अप वियर जलाशय | 25.70 |
| 2 | नवापारा को. | टेंगनाही डोंगर जलाशय | 20.950 |

**पट्टा आबंटन में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार रहेगाः-** 01. पंजीकृत मंछुआरा सहकारी समिति 02 मछुआ समूह 03 - मछुआ व्यक्ति 04 ऐसे क्षेत्र जहां 1965 या उनके पश्चात मकान भूमि यदि डूब में आये हो, विस्थापित परिवार 05 स्व. सहायता समूह। मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो अपनी आजीविका का अर्जन मछलीपालन, मछली पकड़ने या मछली बीज उत्पादन आदि कार्य से करता है।

**आवेदन के साथ में संलग्न आवश्यक दस्तावेजों की सूचीः-** 01. पंजीकृत सहकारी समिति - पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज, सदस्यों की सूची, बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षो की आडिट रिपोर्ट। 02. मछुआ समूह / एस. जी. एस. वाय. समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहराव, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। 03. व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ / अनु. जाति / अनु.जन. जाति / पि.वर्ग/ सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण पत्र, जाति निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। उपरोक्त आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 28/11/2024 कर जनपद पंचायत छुरा में जमा कर पावती प्राप्त करें। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर जनपद पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत-छुरा**

## खबर संक्षेप

### अन्नदाता किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की होगी खरीदी



**राजिम।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 14 नवंबर से सुचारू रूप शासन के मंशानुसार धान खरीदी जारी हैं। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने से किसानों में भारी उत्साह भी है। परंतु बीते दो दिनों से जिले के कई खरीदी केंद्रों में शिकायत मिल रही है कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल से कम का टोकन काटा जा रहा है। लगातार किसानों को दिग्भ्रमित भी किया जा रहा है। इसे लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने कांग्रेस पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश भर में सुचारू रूप से धान खरीदी की जा रही है। भाजपा सरकार ने किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की मोदी की गारंटी दी थी और विष्णुदेव सरकार इस गारंटी को पूरा भी कर रही है। समूचे प्रदेश सहित गरियाबंद जिले में भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है। कहीं भी प्रति एकड़ के पीछे कटौती नहीं की गई है। विधायक श्री साहू ने कहा कि सत्ता गवाने के बाद कांग्रेस अब किसानों को गुमराह कर उनसे बदला लेने में जुटी हुई है। किसान विरोधी कांग्रेस गांव -गांव अफवाह फैला रही है। कांग्रेस नही चाहती कि किसानों के घर की खुशहाली आए और वह उनकी तरक्की पचा नहीं पा रही है। राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के विकास के लिए संकल्पित हैं।

### युवक के कब्जे से कच्ची शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने लमकेनी डबरी के पास से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि बरगद पेड़ के नीचे बांधा जाने का रास्ता में आरोपी लोमेश चौहान पिता पीला बाबू चौहान (32 वर्ष) निवासी रेवा हाल मुकाम लमकेनी के कब्जे से हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब प्रत्येक झिल्ली में 200-200 एमएल भरी कुल 2600 एमएल कीमत 560 रुपए, एक लाल रंग की टीवीएस स्टार सिटी प्लस मोटर सायकल कीमत 60000 रुपए, कीमत 60560 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


मातर महोत्सव : यादव समाज ने गाजे बाजे के साथ विशाल कलश और शोभायात्रा निकाली

# संगठित समाज मजबूत राष्ट्र की महत्वपूर्ण कड़ी और पहचान है : विधायक जनक

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को यादव समाज मैनपुर द्वारा देवारी मातर महोत्सव का विशाल आयोजन किया गया। यादव समाज भवन से दोपहर को राऊत नाचा और गाजे बाजे के साथ विशाल कलश और शोभायात्रा निकाली गई। राऊत नाचा और झांकी को देखने भारी भीड उमड पड़ी। दोपहर 03 बजे गोहडीभाठा कार्यक्रम स्थल रैली पहुची जहां विशाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भगवान श्री कृष्ण और साहडदेव की पुजा अर्चना कर किया। इस दौरान राऊत नाचा प्रतियोगिता, लाठी चाल, सुआ नृत्य बांस नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देर शाम समाचार लिखे जाने तक कार्यक्रम जारी है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, अध्यक्षता सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, सभापति जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, विशेष अतिथि कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेश संयोजक राजेन्द्र नायक, जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, धनमती यादव, सरपंच संघ गरियाबंद जिला अध्यक्ष बलदेव राज ठाकुर, जनपद सदस्य मनोज मिश्रा, डागेश्वर नेगी, भाठीगढ़ राज प्रमुख हरिशचंद नेगी, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष खेदुनेगी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल,



दयाराम यादव, चैतन यादव, सुखराम यादव, सुखदेव यादव,श्यामलाल यादव, डीके यादव, तनवीर राजपूत, पीला राम यादव, हुलार ठाकुर, प्रकाश चंद पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जनक ध्रुव ने कहा की संगठित समाज से सिर्फ समाज को ही फायदा नहीं होता बल्कि समाज के साथ साथ देश भी मजबूत होता है सामाजिक उन्नति के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ता है उन्होने समाज को शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील किया है।

### यादव समाज अपने हक के लिए संघर्ष करने तैयार रहे

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि यादव समाज का इतिहास काफी गौरवशाली है, हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमें समाज को जोडकर समाज के विकास के लिए आगे बढाना है। समाज में एकता और भाईचारा के साथ सर्व समाज में इसका अच्छा संदेश जायेगा। श्री यादव ने कहा की अपने हक औरी अधिकार के लिए यादव समाज के लोगों को संगठित होने की जरूरत है। अपने हक व अधिकार के लड़ाई के लिए संघर्ष करने के लिए तैयार रहे। धनमती यादव ने कहा कि आज समाज के विकास के लिए मातृ शक्ति को भी आगे आने की जरूरत है। योगेश शर्मा ने कहा कि अपने- अपने घरो में एक-एक गाय का पालन करें।

### पारंपरिक वेशभूषा में देर रात तक चलता रहा कार्यक्रम

यादव समाज मातर महोत्सव का जो आयोजन किया गया है। इसमें दोपहर से क्षेत्रभर व अन्य जिलों से पहुचे दर्जनों राऊतनाचा टोलियों द्वारा आकर्शक प्रस्तुति दिया जा रहा है। साथ ही सुआ नृत्य, बांस गीत के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समाचार लिखे जाने तक जारी है। कार्यक्रम में नगरी, धमतरी तुमड़ीबहार, गरियाबंद, गड़ियाभाठा, नाहनबिरी, भटगांव,जाड़ापद व अनेक जगह से राउत नाचा तथा सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसे देखने हजारों की संख्या में लोगो की भींड उमड पडी है। इस दौरान पुरस्कार वितरण भी किया जाना है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यादव समाज प्रमुख सुखराम यादव, संरक्षक गेंदु यादव, गयाराम यादव, शान्तुराम यादव, श्यामलाल यादव, सरजु यादव, पीलाराम, पुनिया बाई, रूपेश यादव, बजरंग यादव, दयाराम यादव, चेतन यादव, घनश्याम यादव, नरेश यादव, जैतराम यादव, राधाबाई,जगदीश पटेल, प्रदीप सिन्हा, दिलवर पटेल, सुरज पटेल शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक गेंदु यादव ने किया।

# कलेक्टर- एसपी ने बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ›› गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल और एसपी श्री निखिल कुमार राखेचा ने सोमवार को सुबह गरियाबंद बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड में पार्किंग की जगह, दुकानों की स्थिति एवं लोगों की सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बस स्टैण्ड में लोगों की बेहतर सुविधा के लिए पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा अनावश्यक अतिक्रमणों को हटाकर सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने बस स्टैण्ड के दुकानों एवं हॉटलों आदि के संचालकों को सड़क में अव्यवस्थित पार्किंग नहीं करवाने तथा वाहनों को बेतरतीब कहीं भी खड़ी नहीं करने के निर्देश दिये। साथ ही बस स्टैंड के निर्धारित जगह में अतिक्रमण भी नहीं करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थित रूप से ही निर्धारित स्थान पर पार्किंग करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर एवं एसपी ने बस स्टैंड के सभी जगहों का अवलोकन किया एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए जरूरी निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश पश्चात नगर पालिका अमलों द्वारा जरूरी कार्यवाही करते हुए बस स्टैंड में व्यवस्थाओं को दुरूस्त किया गया। साथ ही दुकानदारों एवं हॉटल संचालकों को व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राकेश गोलछा, सीएमओ श्री चंदन मानकर सहित राजस्व, नगर पालिका एवं पुलिस विभाग के अधिकारी - कर्मचारी मौजूद रहे।

■ बेहतर आवाजाही के लिए पार्किंग व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

### ठंड से बढ़ने से जला रहे अलाव

**महासमुंद।** ठंड का मौसम दो दिन से बढ़ गया है। इस ठंड मौसम में न्यूज पेपर वितरण करने वाले हॉकरों ने रात्रि 4 बजे लकड़ी का अलाव जलाया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ठंड से बचने दो दिन से लकड़ी का अलाव जलाया जा रहा है। जिससे न्यूज पेपर वितरण करने वाले हाकरों को ठंड से कुछ राहत मिल रही है।

# प्रदेश पटेल समाज के परिचय सम्मेलन में जिपं सदस्य रानी का हुआ सम्मान

**नवापारा-राजिम।** धमधा में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश मरार पटेल समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में पटेल समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य रायपुर रानी पटेल का स्वागत सम्मान हुआ। इस अवसर पर उन्होने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे अपने समाज की एकता और एकजुटता को देख कर काफी गर्व महसूस हो रहा है।



क्योंकि हम पटेल समाज के लोग महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले के वंशज हैं जिन्होने 18वीं शताब्दी में समाज की समस्त रूढ़िवादिता को समाप्त करके मानव समाज में शिक्षा का अलख जगाया और बाल विवाह पर रोक लगाकर विधवा विवाह को प्रोत्साहित किया। कहा कि बालिकाओं के लिए विद्यालय संचालित कर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका होने का गौरव भी प्राप्त किया व समाज को एक सभ्य समाज बनाने का आह्वान किया।

# खरीपथरा में पुलिस ने ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी सामग्री बंटी

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के थाना अमलीपदर के ग्राम पंचायत खरीपथरा में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत पुलिस आपके द्वार (सिविक एक्शन) का कार्यक्रम जिला पुलिस गरियाबंद की ओर से आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में खरीपथरा तथा आश्रित ग्राम के लगभग ढाई सौ ग्रामीण उपस्थित रहे जिसमें महिलाएं एवं बुजुर्ग भी काफी संख्या में थे। जिन्हें दैनिक उपयोग के विभिन्न सामग्री प्रदान किए गए। इस दौरान अमलीपदर पुलिस ने ग्रामीणों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी जानने का प्रयास किया तथा भरोसा दिलाया कि पुलिस उनके साथ है समय-समय पर पुलिस उनके बीच उपस्थित होती रहेगी तथा वे लोग भी थाने में आकर अपनी बात रख सकते हैं तथा आसूचना भी प्रदान




कर सकते हैं। ग्रामीणों ने भी पुलिस को सहयोग करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया, साईबर ठगों से बचने के उपाय भी बताए गए साथ ही नाबालिग बच्चों से संबंधित अपराध एवं बालकों के कानूनी अधिकार के संदर्भ में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नवयुवकों क्रिकेट टीम के साथ आमलीपदर पुलिस टीम ने सद्भावना क्रिकेट मैच भी खेला। नवयुवकों को क्रिकेट कीट भी प्रदान किया गया। पुलिस के कार्यक्रम से ग्रामीण काफी उत्साहित और प्रसन्न थे तथा ग्रामीणों द्वारा गरियाबंद पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

# आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना जरुरी : सरपंच

**कोपरा।** जय बूढ़ादेव युवा प्रकोष्ठ द्वारा जननायक बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के राजिम परिक्षेत्र संरक्षक तोरण लाल ध्रुव, राजिम परिक्षेत्र अध्यक्ष डागेश्वर ध्रुव, ग्राम सरपंच हीरामणि साहू और पाली अध्यक्ष अशवंत ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने बिरसा मुंडा के जीवन संघर्षों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आदिवासी संस्कृति



और परंपराओं को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समाज में समान अधिकार और अवसरों को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिससे समग्र समाज और देश का विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में समाज प्रमुखों और ग्रामवासियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्रमुख रूप से छबिराम ध्रुव, रोहित ध्रुव, संत ध्रुव, बैसाखू ध्रुव, संतराम ध्रुव, सुभाष ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, पीतांबर ध्रुव, फूलसिंह ध्रुव, गोपाल ध्रुव, राधेलाल ध्रुव, प्रकाश ध्रुव, भीम ध्रुव, पीलाबाई ध्रुव, और चमेलीबाई ध्रुव ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बनाया।

युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों झामसिंग ध्रुव, डोमेश्वर ध्रुव, गजेंद्र ध्रुव, संजय ध्रुव, इंद्रकुमार ध्रुव, गुलशन ध्रुव, अजय ध्रुव, प्रताप ध्रुव, आकाश ध्रुव, डायमंड ध्रुव और अन्य सदस्यों ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बालिकाओं, विशेष रूप से दामिनी ध्रुव, जितेश्वरी ध्रुव और किरण ध्रुव ने भी अपने योगदान से कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बनाया।

शोक संदेश
अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पिता
श्री शालिक राम नागेश
(शिक्षक) का आकस्मिक निधन दिनांक 13.11.2024 दिन बुधवार को हो गया है। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए निम्न कार्यक्रम रखा गया है।
स्व. श्री शालिक राम नागेश
कार्यक्रम
सातनहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम
19.11.2024 मंगलवार
(तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे)
कार्यक्रम स्थल : ग्राम जिड़ार (मैनपुर)
शोकाकुल
नम्मेसिंग, भगत राम, रामेश्वर, सुमेर, जीवन, संतन, चैतराम, महेश मंगतू, परमेश्वर, अजमीर, प्रभुलाल, उज्जैन, भागवत, रामचंद, चरण सिंह, बिशेश्वर, मधु, गौरसिंह, प्रताप, कामकिशन, सतीश, नरसिंग, मनीष, युगल, प्रिंस, यांशु, आर्यन एवं समस्त नागेश परिवार
विनीत :
अरविन्द नागेश (पुत्र)
त्रिवेन्द्र कुमार नागेश (पुत्र)
उपेन्द्र कुमार नागेश (पुत्र)
टीप - जिस किसी स्नेहीजनों को शोक पत्र न मिल पाया हो तो कृपया इसे ही स्वीकार करें।

## पेज 9 के शेष

### बच्चों की दक्षता परखने...

विज्ञान के 60 प्रश्न 120 मिनट में हल करने होंगे। इस सर्वेक्षण में माइनस मार्किंग नहीं होगी। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के लिए सैंपल स्कूलों के रूप में जिले के सरकारी सहित राज्य शासन से अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त आशसकीय स्कूलों, केंद्रीय, नवोदय स्कूलों को सीधे भारत शासन, एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा चयनित किया गया है। अतरमरा संकुल के हायर सेकेंडरी स्कूल अतरमरा, माध्यमिक प्राथमिक शाला अतरमरा, प्राथमिक माध्यमिक शाला रजनकटा, प्राथमिक शाला खट्टी, प्राथमिक माध्यमिक शाला कुरूद, प्राथमिक माध्यमिक शाला दीवना, प्राथमिक शाला कुम्हरमरा में परख सर्वेक्षण परीक्षा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संकुल प्राचार्य बी देवांगन, ब्लाक आब्जर्वर राजेश कंसारी, संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा, वरिष्ठ प्रधान पाठक खेमलाल यादव, व्याख्याता उत्तम कंसारी, रामचन्द्र ध्रुव, धनेश्वरी मुरचूलिया, रूपराम साहू, हेमन्त विश्वकर्मा, मानिक साहू,चेतन ध्रुव, अमर सेन, केदार राम हिरवानी, गौतम साहू, बलराम साहू सहित सभी शालाओ में शिक्षक उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।


HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भिलाई में सम्मानित हुए हीरालाल



**छुरा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छंद परिवार का मिलन समारोह का आयोजन 16 नवंबर को कुर्मी भवन सेक्टर-7 भिलाई में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेश भर से 20 जिलों के 160 से भी अधिक छंद साधक महिला पुरुष शामिल हुए। गरियाबंद जिले से छुरा के छंद साधक हीरालाल गुरुजी समय, साहित्यकार रीझे यादव, गीतकार दीनदयाल टंडन एवं कवि देवनारायण यदु भी इस सम्मेलन में सिरकत किए। भिलाई के इस सम्मेलन में छुरा के छंद साधक हीरालाल गुरुजी समय को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### अंचल में ठंड ने दी दस्तक



**फिंगेश्वर।** नगर सहित अंचल मे ठंड की दस्तक प्रारंभ हो गई जिसके चलते लोगों के गर्म कपड़े बाहर निकल रहे हैं। ठंड के बढ़ने से युवा सहित महिला, बुजुर्गो भी स्वास्थ लाभ लेने मानिंर्ग वाक पर निकल रहे है। वहीं पर सड़कों के चाय दुकानों में चाय, काफी की डिंमाड बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि पूरा अक्टूबर महिना बीत गया ठंड गायब रहीं। वहीं पर नवंबर के प्रथम सप्ताह मे भी गर्मी का एहसास रहा।घरों मे कूलर पंखे एवं एसी चल रहे थे। लेकिन 15 नवंबर के बाद धीरे- धीरे ठंड ने रफ्तार पकड़ा है।लोगों ने ठंड का वेलकम किया है और बताया कि इस मौसम में खान पान संयमित करे। ठंड से बचने गर्म कपड़ों का सहारा लेवे।

### लिफ्ट देने के बहाने अज्ञात ने महिला का मंगलसूत्र छीना

**महासमुंद।** पैदल अपने गांव जा रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने एक स्कूटी सवार मंगलसूत्र छीन कर भाग निकला। मामले में प्रार्थिया ने खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि खतीजा खान पति अब्दुल लतीफ निवासी खल्लारी 17 नवंबर को अपनी बेटी के घर महासमुंद से भीमखोज लोकल ट्रेन से आई और रेलवे स्टेशन भीमखोज से अपने घर खल्लारी पैदल जा रही थी। खल्लारी चौक मोड़ के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने बागबाहरा जाने का रास्ता पूछा, जिसे प्रार्थिया ने बागबाहरा जाने का रास्ता बताया और पैदल अपने घर चली गई। घर में 10-15 मिनट रूकने के बाद वह अपने मायके घर ग्राम सोरम पैदल जा रही थी। तभी रास्ते में खल्लारी से पाली रोड विजय बंजारे के फार्म हाउस के पास वहीं अज्ञात व्यक्ति स्कूटी से आकर रूका और कहां जाना है पूछा। तब प्रार्थिया ने सोरम जाने की बात कही।

---

**कार्यक्रम :** पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर ने प्रदेश में दो उप-राजधानी बनाने का दिया सुझाव

# जशपुर और जगदलपुर को उप-राजधानी के रूप में विकसित करना राज्य के लिए होगा फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

- राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का होगा संतुलित विकास
- प्रशासनिक कार्यों में आएगी गति

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने प्रदेश में दो उप-राजधानी बनाने का सुझाव दिया है। सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर गरियाबंद पहुंचे साहू ने न्यू सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह विचार साझा किया। उन्होंने कहा कि जशपुर और जगदलपुर को उप-राजधानी के रूप में विकसित करना राज्य के लिए फायदेमंद होगा। साहू ने अपने सुझाव को पार्टी के दिवंगत नेता दिलीप सिंह जूदेव के सपने से जोड़ते हुए कहा कि जूदेव ने भी छत्तीसगढ़ में उप-राजधानी की कल्पना की थी। अगर वर्तमान सरकार, जिसमें विष्णुदेव साय महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, इस दिशा में पहल करती है, तो यह जूदेव के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा की जब प्रदेश में दो उप-मुख्यमंत्री हो सकते हैं, तो दो उप-राजधानी क्यों नहीं हो सकतीं? इससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का संतुलित विकास होगा और प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी।



### आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए नई औद्योगिक नीति को सराहा

चंद्रशेखर साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार की नई औद्योगिक नीति की भी सराहना की, जो 1 नवंबर से लागू हुई है। उन्होंने बताया कि यह नीति आदिवासी क्षेत्रों के औद्योगिक विकास में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में औद्योगिक निवेश के लिए 15 एकड़ भूमि पर 4 करोड़ रुपए की मानदेय योजना शुरू की गई है, जो प्रगति को बढ़ावा देगी। साहू ने 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाने और आदिवासी समुदाय के बैगा एवं सिरसा जैसे वर्गों के लिए मानदेय योजना को भी एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती पर शुरू की गई योजनाएं आदिवासी समाज को मजबूत बनाएंगी।

### दो उप-राजधानी बनाने पर बल

साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो गए हैं, और प्रदेश में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। ऐसे में प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की आवश्यकता है। जशपुर और जगदलपुर को उप-राजधानी बनाने से छत्तीसगढ़ के सुदूर इलाकों का विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सिर्फ प्रशासनिक सुधार ही नहीं होगा, बल्कि राज्य के सभी क्षेत्रों को समान अवसर प्रदान करेगा। साहू ने विष्णुदेव साय से इस प्रस्ताव पर विचार करने का आग्रह किया और भरोसा जताया कि एक सुलझे हुए नेता इस पर एक सकारात्मक फैसला लेंगे। इस विचार ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर नई बहस को जन्म दिया है, जो आने वाले दिनों में और विस्तार ले सकती है।

---

# युवा सरकारी नौकरी के बजाय हुनर के अनुरूप कार्य करें : रात्रे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

ग्राम भैसामुड़ा में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 15 नवम्बर को रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि देव सिंह रात्रे थे। उन्होने ने कहा की हर परिवार के बच्चे को बिना कोई भेदभाव के चाहे वह लड़का हो या लड़की उच्च शिक्षा मिले। इस प्रकार शिक्षित व्यक्ति सभ्य सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनता है। मैं पढ़े लिखे युवा सरकारी नौकरी की बाट जोहने के बजाय अपने-अपने रुचि अनुरूप कार्य करें और अपने हुनर को तरासे।

श्री रात्रे ने आगे कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर सुबह से लेकर रात तक का कार्यक्रम आप लोगों ने रखा निश्चित ही पूरे गांव इससे लाभान्वित होंगे। इससे भाईचारे की भावना बढ़ता है, गांव में सुख शांति एवं समृद्धि की स्थापना होती। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया यादव ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोहन कंवर, विजय यादव, डमरू धार साहू, धनेश साहू, नरोत्तम ठाकुर ग्राम पटेल, फेकून साहू, लव कुमार ठाकुर, धनेश ठाकुर, लाखन ध्रुव, मुकेश यादव, जितेन यादव आदि थे। सुबह 7 से 9:00 बजे आंवाला पूजन, 10:00 बजे शोभायात्रा उसके बाद जय छत्तीसगढ़ी बालक रामधुनी मंडली देवरी भाखड़ा एवं रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम शिवसागर छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी लठमर्रा राजनांदगांव का आयोजन हुआ।

---

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम संपन्न

# एकाकी परिवारों की बढ़ रही संख्या : साहू

**छुईहा बेलर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि द्वारा श्याम नगर में परिवारों का कुटुंब मिलन का कार्यक्रम 16 नवंबर को हुआ। जिसमें बेलर क्षेत्र के संघ कार्यकर्ता परिवार शामिल हुए थे। स्वयंसेवक खंड वाहक जय प्रकाश साहू बेलर ने आयोजन के संदर्भ में कहा की कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर पूजन अर्चना व दीपप्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, कुटुंब प्रबोधन संयोजक, प्रदेश साहू समाज उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू साहू, जिला संचालक प्रेमलाल साहू, खंड संचालक अशोक सिंह साहू, गिरीशदत्त उपासने, प्रांत कुटुंब प्रबोधन संयोजक मुख्य वक्ता सडानंद सर्वांकर राजीम मुख्य वक्ता थे।



मुख्य वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त परिवार टूट रहे हैं तथा एकाकी परिवारों की संख्या बढ़ रही है। जिससे हम सभी लोगों को अपने जीवन में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सहनशीलता व समझौता व्यक्ति के यह दो गुण हैं जिसके कारण परिवार चलता है। हम अपनी दिनचर्या को ठीक करना है और फिर परिवार की दिनचर्या को ठीक करेंगे। ऐसा प्रयास ही उत्तमर हता है। आगे बताया कि भारत राष्ट्र को पूरा विश्व ज्ञान, विज्ञान में अग्रणी मानता गई लेकिन हमारे देश की वर्तमान पीढ़ी में को हमारे देश की गौरव शाली इतिहास ज्ञान को जानने की आवश्यकता है। जिसका प्रारंभ हमें प्रत्येक घर और परिवार से करना होगा। सप्ताह में कम से कम एक दिन परिवार के पूरे सदस्यों के साथ भोजन और भगवान का भजन करना चाहिए। बच्चों को माता- पिता बड़ों का आदर भाव बचपन से ही सीखाना चाहिए। इसी तरह का इतिहास से अवगत होने की आवश्यकता है, जिससे पूरा हिंदू समाज अपने गर्व के साथ भारत की गौरव शाली परंपरा पुनः स्थापित करें। इसके पहले सुबह सभी स्वयं सेवक परिवार सहित इस वर्ग में पहुंचे। सुबह से वर्ग प्रारंभ हुआ। जिसमें विविध प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंताक्षरी, भजन गीत कहानी, खेलकूद जैसे आयोजन हुए।

---

# गिधनी में कार्तिक पूर्णिमा पर्व धूमधाम के साथ मनी

**मुडागांव(कोरासी)।** ग्राम गिधनी में कार्तिक पूर्णिमा का पर्व हर्षोउल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर रात्रिकालीन प्रथम दिवस मानसगान और द्वितीय दिवस म्यूजिक सांस्कृतिक संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम छुरा का आयोजन किया गया था। जिसमें मुख्य ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष छतरसिंह ठाकुर, उपसरपंच उमानसिंग ठाकुर, समाजसेवी शीतल ध्रव, मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, सामाजिक कार्यकर्ता पुनितराम ठाकुर, रामू ठाकुर, ओंकार सेन, देवांनन्द ठाकुर, श्रीराम, देवनाथ ठाकुर, बेदुराम ठाकुर सहित सभी आमंत्रित अतिथियों मंच पर आसीन थे। कार्यक्रम का शुभारंम्भ भगवान शिव शंकर के छायाचित्र पर पूजा



अर्चना कर किया गया। सभी अतिथियों का पीला चावल से स्वागत किया गया। मुख्य गायक नेमीचंद यादव, सहयोगी गायक रुपेश शर्मा, नारायण प्रसाद साहू, गुमान चौहान, सिमरन मरकाम, कोरस फाल्गुनी, रंजना साहू, संचालन हीरालाल साहू, भाव पक्ष पार्वती, बम्लेश्वरी, ईश्वरी, लक्ष्मी और सोनिया म्यूजिक सांस्कृतिक संध्या के द्वारा देवी भजन एवं लोकगीतों का म्यूजिक एवं भाव नृत्यो के साथ सुंदर प्रस्तुति की गई। जिसे ग्रामवासियों ने सराहते हुए मध्यरात्रि तक आनंद लिया। इस कार्यक्रम के सफल बनाने में कोमल ठाकुर, अजय,रोहन, नागेन्द्र, टंकेश एवं समस्त ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन विनोद यादव ने किया।

---

# एक लोटा जल साभी समस्याओं का हल

- ग्राम रानीपरतेवा में शिव महापुराण कथा जारी

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा में बोल बम समिति के द्वारा नंदी चौक पर पांच दिवसीय शिव महापुराण का आयोजन टीन शेड पर 16 नवंबर से कलश यात्रा के साथ भव्य शुभारंभ किया गया है। शिव महापुराण को स्थापना करके कथा शुभारंभ हुआ कथा वाचक युग पुरोहित परमानंद यादव के द्वारा पंडित बिंदु महाराज और उसकी पत्नी चंचुला देवी का उद्धार केवल शिव पुराण सुनाने के कारण हुआ है उसी प्रकार से हम लोग को भी श्रद्धा के साथ शिव महापुराण को सुनकर के अपने जीवन का अनेक पापों को नष्ट करने का पावर भगवान शिव रखते हैं। दूसरे दिन कथा में उन्होंने कहां कि समस्त शिव परिवार की आज पूजा होती है चाहे वह कार्तिक हो या गणेश हो या माता पार्वती हो या स्वयं शंकर जी उनके परिवार के प्रेम के कारण पूरे परिवारों की पूजा तो होती ही है। लेकिन उनके समस्त वाहनों की भी पूजा होती है। बेल हो या सर्प हो मोर हो या चूहा हो सब की पूजा की जाती है।





आज केवल एक परिवार में प्रेम के नाते के कारण ही है। इसीलिए आज शिव महापुराण में परिवार में प्रेम होना बहुत आवश्यक है। भगवान की पूजा में सबसे सरल पूजा शिव जी को बताया गया। एक लोटा जल सारे समस्याओं का हल लेकिन अन्य भगवानों में काजू, किशमिश, बादाम, सोना, चांदी, जूता, चप्पल पर भगवान में वो चिज़ चढ़ता है जिसको गाय बैल तक नहीं खाते। जैसे धतूरा है कनेर है ऐसे फल फूल भगवान में चढ़ते हैं और मुठ्ठी जल एक लोटा जल में ही भगवान प्रसन्न हो जाते हैं। इस प्रकार से बोल बम समिति के सदस्यों के द्वारा दोपहर कथा के बाद बाहर से आने वालों के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई है। संध्याकाल आरती प्रसाद की व्यवस्था रहती है। अधिक से अधिक संख्या आने के लिए लोगों को अपील किया गया है। इस कार्यक्रम में गोकरण ,जयंत दीवान, संतोष सिंह, थानेश्वर निर्मलकर, रामप्रसाद मरकाम, चमन पटवा, छोटेलाल सिंह, प्रहलाद गांव के सरपंच उपस्थित थे।

---

# सातपारा में मां शाकंभरी की प्रतिमा स्थापित की

**अभनपुर।** ग्राम सातपारा मे स्थानीय मरार पटेल समाज द्वारा इष्ट देवी शाकंभरी देवी का विधिवत पूजा अर्चना कर माता की मूर्ति का स्थापना किया गया। सामाजिक पदाधिकारियो ने बताया कि गांव के सामाजिक भवन परिसर मे 15 जुलाई को माता शांकम्भरी मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया था जिसके फलस्वरूप आज मंदिर मे माता विराजमान हुई है। मंदिर निर्माण से समाज मे सकारात्मक उर्जा का संचार होगा और आध्यात्मिक रूप से लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राज संयोजक ईश्वर पटेल, राज सचिव धमेन्द्र पटेल,बुधारू राम पटेल,शंकर पटेल,टेकराम पटेल,खोमन पटेल,सोमलाल पटेल,नरेन्द्र पटेल,डेरहा पटेल,दिनेश पटेल,मुनि पटेल,सुखी पटेल,खेमराज पटेल,युगल पटेल सहित महिलाये उपस्थित रही।



---

# महिलाओं ने आंवला पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

ग्राम परसदाकला में शनिवार को महिलाओं के तत्वावधान में कार्तिक पूर्णिमा आंवला पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान आंवला पेड़ के नीचे पूजन कर सात्विक भोजन ग्रहण किया गया। आंवला के वृक्ष की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए भगवान विष्णु से धन-धान्य की कामना की गई। इस पूजा में भारी संख्या में ग्राम की महिला तथा युवती शामिल हुए। प्रसाद के रूप में खीर-पूरी, बाटी गई। बताया गया की आंवला के वृक्ष को सृष्टि के रचयिता भगवान विष्णु का भी रूप भी माना जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा सिरीखुर्द थे। इस दौरान अध्यक्षता जनपद सदस्य नेमीचंद देवांगन, सरपंच परसदाकला कांति मोहन निषाद, उपसरपंच कुलेश्वर निषाद, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा रवि साहू, हाई स्कूल अध्यक्ष बालिक राम साहू, घनश्याम निषाद, लेखू निषाद, मोहन निषाद, विश्राम निषाद, मन्नु निषाद, मंच संचालक युवराज साहू, पूर्व सरपंच मिथलेश साहू, कोमल ढीढी, सरपंच रोबा मंगलू साहू, भाजपा नेता होरी लाल साहू, प्रेम लाल साहू, गिरधारी केजई, सारदा, डुकलहीन, अध्ययन, मिर्च, सरस्वती, अमेरिका, पेमीन, परमिला, तुलसी, मोतिम, सीता, रेवती, पुनाई, ईश्वरी, गंगा, कुमारी, रोहनी, सोहना, राधा, संतोषी, डोमिन, केशरी, बेदुसाहू, ठगिया, केवरा, केमीन, चमेली, लीलामृत, कौशिल्या, बुद्धा, सोहनी महिला समिति, ग्रामवासी परसदाकला उपस्थित थे।

---

# बच्चों को परोसा गया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

प्राथमिक पाठशाला देवगांव में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत दानदाता डॉ. रणिन्द्र साहू ,लता बाई साहू ,डॉ. पावस मोनिका साहू ने अपने सुपुत्री मोक्षिता साहू के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में न्यौता भोज का आयोजन सोमवार को किया गया। दानदाता द्वारा उपलब्ध स्वादिष्ट सात्विक भोजन एंव विभिन्न पोषक व्यंजन परोसा गया।

कार्यक्रम में सरपंच चरभट्टी ओमप्रकाश साहू, आशा राम साहू, तुमेश साहू, प्राचार्य सेंदर मेघा ठाकरे, संकुल समन्वयक पुरानिक ध्रुव, भानुप्रताप सोनवानी, रोहित राम साहू, संतोष मार्कंडेय, नेतराम साहू, खिलावद, भुवन बेनू राम, गीता दीवान, खेमा नगारची, प्रेमसिंग नगारची, महेशू राम साहू, सनत, चिमेश्वरी, चुन्नी, खुमेश्वरी, अंजनी, सविता, उपस्थित थे।







